वर्ष–14 अंक–42वॉं संस्करण सितंबर – दिसंबर 2024

# उत्तर बंग प्रहरी






## फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल उत्तर बंगाल

जीवन पर्यन्त कर्तव्य



# महानिरीक्षक की कलम से

मुझे अपार गर्व महसूस हो रहा है कि गत चार महीनों में सीमा पर तैनात जवानों ने अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए सीमा क्षेत्र से 151 तस्कर जिसमें 39 भारतीय, 108 बांग्लादेशी एवं 04 अन्य नागरिक शामिल हैं, को सीमा पर गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त पाए जाने पर हिरासत में लिया तथा 22,488 बोतल कफ सिरप (फेंसीडिल), 406 मवेशी, 31505 किलोग्राम गांजा, 349.87 ग्राम सोना, बांग्लादेशी मुद्रा 24129 टका, भारतीय मुद्रा रुपये 64,339/– तथा 60,16,153 रुपये मूल्य की अन्य प्रतिबंधित सामाग्री जब्त की गई।

2. फ्रंटियर उत्तर बंगााल के अधीन भारत बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल की बटालियनों द्वारा सीमा पर लगातार चौकसी रखी जा रही है जिससे की सीमा पर होने वाले अपराधों तथा देश विरोधी तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। सीमाओं की सुरक्षा के लिए समय–समय पर उच्च मुख्यालयों द्वारा दिए गए निर्देशों की कुशलतापूर्वक अनुपालना की जा रही है। इस बीच सीमा सुरक्षा बल के अपर महानिदेशक (पूर्वी कमान) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर बंगाल फ्रंटियर के अन्तर्गत सीमा क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा सीमाओं पर तैनात जवानों की उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए हौसला बढ़ाया और उत्तर बंगाल फ्रंटियर के द्वारा सीमाओं की सुरक्षा के लिए उठाये गये कदमों की सराहना की।

3. फ्रंटियर मुख्यालय के अधीन विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ समय–समय पर समन्वय बैठकें की गई हैं तथा उनकी विभिन्न समस्याओं का निपटारा किया गया है । सीमावर्ती क्षेत्रों, बटालियनों, सेक्टर मुख्यालयों एवं सीमा चौकियों के नजदीकी गावों के लोगों को चिकित्सा सुविधायें, पानी तथा एम्बूलेंस आदि मुहैया करायी गई हैं। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के दिलों में सीमा सुरक्षा बल के प्रति विश्वास बढ़ा है। फ्रंटियर मुख्यालय के नेतृत्व में सेक्टर मुख्यालयों तथा बटालियनों द्वारा समय–समय पर सीमा स्तर पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जरूरतमंदो को मुफ्त चिकित्सा प्रदान की जा रही है तथा खेल–कूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है।

4. बावा के प्रयासों से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस संस्था के प्रयासों से बल से जुड़ी बावा सदस्याओं को स्वावलंबी बनने के प्रयासों को बल मिलता है। बावा कार्यक्रमों के तहत बावा सदस्याओं को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के द्वारा महत्वपूर्ण सलाह प्रदान की जा रही है। इसके अलावा बाबा ने वृद्धाश्रम जैसे संस्थानों में जाकर उनकी जरूरत के अनुसार विभिन्न सामाग्री प्रदान की, बावा के यह प्रयास प्रशंसनीय हैं।

5. मैं, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के अन्तर्गत तैनात सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा जवानों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत व लगन से अपने मूल कर्त्तव्यों के निर्वहन के साथ–साथ अन्य विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि आप इसी प्रकार भविष्य में भी कार्यरत रहते हुए फ्रंटियर को नई बुलंदियों तक पहुँचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखेंगे।

जय हिन्द!

शुभकामनाओं सहित

(सूर्यकांत शर्मा)
महानिरीक्षक
फ्रंटियर मुख्यालय सीसुबल उत्तर बंगाल
कदमतला (पश्चिम बंगाल)



# उत्तर बंगाल फ्रंटियर कदमतला

## संपादक की कलम से...

उत्तर बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय प्रत्येक चार महीनों के अंतराल पर 'उत्तर बंग प्रहरी' नाम से एक चतुर्मासिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है । मेरे लिए यह अत्यन्त गर्व का विषय है कि पत्रिका के सम्पादन जैसे विशेष कार्य को सफलतापूर्वक करते हुए 'उत्तर बंग प्रहरी' के 42वें संस्करण को प्रस्तुत कर रहा हूँ जिसमें गत चार महीनों के दौरान इस फ्रंटियर की महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी मिलेगी।

2. इन चार महीनों के दौरान उत्तर बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय तथा इसके अधीन समस्त सेक्टर मुख्यालयों व बटालियनों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं जिसमें विशिष्ट अतिथियों का आगमन, सीमा भ्रमण, संक्रियात्मक उपलब्धियाँ, सीमा सुरक्षा बल द्वारा किए गये जनहित कार्य, खेलकूद प्रतियोगिता व बावा द्वारा किये गये विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। इन चार महीनों में सभी गतिविधियों को सम्पादकीय समिति के प्रयासों से इस चतुर्मासिक (चार माह की) पत्रिका में संकलित किया जा सका है जिसके लिये समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

3. इन चार महीनों के दौरान इस फ्रंटियर से विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए चयनित कुशल प्रतिभागियों ने अपने–अपने क्षेत्र में उच्च कोटि का प्रदर्शन करते हुए फ्रंटियर का परचम लहराया, जिसके लिए सभी टीमों के सदस्य बधाई के पात्र हैं तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए मेरी शुभकामनाएँ।

4. मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि 'उत्तर बंग प्रहरी' अंक–42वां संस्करण पाठकों की पंसद बनकर अपने उद्देश्य में सफल एवं सार्थक सिद्ध होगा। इसी क्रम में, मैं सभी पाठकों से अनुरोध करना चाहूँगा कि वे अपनी रचनात्मक अभिरूचियों व सुझावों के द्वारा इस पत्रिका को और भी अधिक आकर्षक एवं रोचक बनाने में मदद करेंगे ।

जय हिन्द!

(कुलदीप सिंह)
उप महानिरीक्षक (सामान्य)
फ्रंटियर मुख्यालय सीसुबल उत्तर बंगाल
कदमतला (पश्चिम बंगाल)

# संक्रिया उपलब्धियॉं

## तस्करों व अवैध घुसपैठियों की गिरफ्तारी

| विवरण | भारतीय | बांग्लादेशी | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| तस्कर | **23** | **08** | **-** | **31** |
| अवैध घुसपैठियें | **16** | **100** | **04** | **120** |





## प्रतिबंधित सामग्री की जब्ती

| विवरण | संख्या | मूल्य |
|---|---|---|
| पशु | **406** | **Rs. 49,90,335/-** |
| बांग्लादेशी मुद्रा | 24,129 टका | **Rs. 17,093/-** |
| भारतीय मुद्रा | रूपये 64,339/— | **Rs. 64,339/-** |
| अन्य सामग्री | **-** | **Rs. 60,16,153/-** |
| | कुल मूल्य | **Rs. 1,10,87,920/-** |





## नशीले पदार्थों की जब्ती


| विवरण | संख्या | मूल्य |
|---|---|---|
| गांजा | **31.505 Kg** | **---** |
| फेंसीडिल | **22,488 Btls** | **Rs. 49,26,403/-** |
| सोना | **349.87 Gm** | **Rs. 28,36,396/-** |
| चांदी | **---** | **---** |




दिनांक 15 सितंबर 2024 को पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में भारत–बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत 61वीं बटालियन बीएसएफ की बीओपी श्रीरामपुर के सतर्क सीमा प्रहरियों ने रुपये 18,50,000/– मूल्य की 3700 नग **याबा टैबलेट** (19 छोटे पैकेट) बरामद किए जो भारत से बांग्लादेश में तस्करी हेतु लाई गई थीं।




दिनांक 05 नवम्बर 2024 को, एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अर्न्तगत 61वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के सैनिकों ने एक भारतीय नागरिक को उसके पैर में टेप से बंधे **03 सोने के बिस्कुट** की तस्करी करते हुए पकडा। सोने का वजन 349.870 ग्राम और कीमत 28.43 लाख रुपये है, जिसे बांग्लादेश से भारत में तस्करी कर लाया जा रहा था।




दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को, एक सूचना के आधार पर उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अर्न्तगत 57वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के बीओपी दराजपुर के सीमा प्रहरियों ने 04 किलोग्राम गांजा एवं 50 बोतल कोडाईन आधारित फेंसीडिल सिरप जब्त किया जो कि भारत से बांग्लादेश में तस्करी हेतु लाया गया था।

# महानिदेशक महोदय का दौरा






















दिनांक 24 से 25 दिसम्बर 2024 तक, श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली अपने आधिकारिक 02 दिवसीय दौरे पर उत्तर बंगाल फ्रंटियर हैडक्वार्टर, कदमतला पहुँचें जहाँ श्री रवि गांधी, अपर महानिदेशक (पूर्वी कमान) एवं श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर, कदमतला ने उनका स्वागत किया एवं गार्ड ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। महानिदेशक महोदय ने अधिकारियों के साथ विभिन्न ऑपरेशनल व प्रशासनिक मामलों पर चर्चा की और सीमा पर अपराधियों व राष्ट्र विरोधी तत्वों की नापाक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके बाद महानिदेशक महोदय ने कम्पोजिट अस्पताल, कदमतला का दौरा किया एवं प्रशिक्षणार्थियों के साथ बात–चीत की तथा कम्पोजिट अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित किया ।

# महानिदेशक महोदय का दौरा













दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली ने उत्तर बंगाल फ्रंटियर के भारत–बांग्लोदश सीमा का भ्रमण किया व सीमा पर रहने वाले लोगों से मुलाकात की। इस दौरान श्री रवि गांधी, अपर महानिदेशक (पूर्वी कमान) एवं श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर, कदमतला साथ में रहे । महानिदेशक महोदय ने सीमा पर बी.ओ.पी. झींकाबाडी, 40वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल में प्रहरी सम्मेलन लिया एवं सीमा सुरक्षा के प्रति समर्पण के लिए सैनिकों की प्रशंसा की एवं प्रहरी भोज के दौरान स्वास्थ्य एवं फिटनेस मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया । महानिदेशक महोदय ने तीनबीघा कोरीडोर में बीजीबी सेक्टर कमांडर रंगपुर से शिष्टाचार मुलाकात की तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया साथ ही सीमा पर सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया ।

# महानिदेशक महोदय का दौरा

























दिनांक 25 दिसम्बर 2024 को श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल ने बीएसएफ कर्मियों व उनके परिवारों के लिए बुनयादी ढांचे एवं रहने की स्थिति में सुधार के लिए बी.एस.एफ. परिसर असम मोड, जलपाईगुडी में नये आवासीय क्वाटरों का उद्घाटन किया । तदोपरान्त एस.टी.सी बी.एस.एफ. बैकुण्ठपुर का दौरा किया जहां पर प्रशिक्षण ले रही महिला प्रहरियों (नवआरक्षकों) से बात–चीत की और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढाने के लिए अत्याधुनिक एकीकृत प्रशिक्षण और बाधा प्रणाली का उद्घाटन किया । तदोपरांत, उन्होने एलसीएस फुलबाडी का दौरा किया एवं बीजीबी सेक्टर कमांडर ठाकुरगांव के साथ संयुक्त रिट्रीट समारोह में भाग लिया ।

# अपर महानिदेशक (पूर्वी कमान) का दौरा












दिनांक 28 से 31 नवम्बर 2024 तक, श्री रवि गांधी, अपर महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल (पूर्वी कमान), ने अपने आधिकारिक 04 दिवसीय दौरे के दौरान मुख्यालय उत्तर बंगाल फ्रंटियर, कदमतला का दौरा किया । तदोपरांत श्री रवि गांधी, अपर महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल (पूर्वी कमान) ने एसटीसी बीएसएफ बैकुण्ठपुर का दौरा किया एवं 531 नव आरक्षकों के एक भव्य पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई । सीमा कर्मियों को बीएसएफ के सम्मान और साहस के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया । श्री रवि गांधी, अपर महानिदेशक महोदय ने उत्तर बंगाल फ्रंटियर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारत–बांग्लादेश सीमा पर अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया एवं ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की । महोदय ने 93वीं बटालियन, सीसुबल के इलाके में स्थानीय लोगों के साथ बात–चीत की तथा सामुदायिक सहयोग को मजबूत करते हुए सीमा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की ।

# महानिरीक्षक, बीएसएफ एवं बीजीबी के क्षेत्र कमांडर स्तर की बैठक का आयोजन










दिनांक 12 सितम्बर 2024 को एलसीएस फुलबाडी में श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर एवं बीजीबी के क्षेत्र कमांडर स्तर की समन्व्य बैठक का आयोजन किया, जिसमें अवैध घुसपैठ, प्रवास और सीमा पार तस्करी को रोकने के लिए बीजीबी से संक्रिय कार्रवाई करने का आग्रह किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने बांग्लादेश में चल रही अस्थिरता के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया ।






दिनांक 02 सितम्बर 2024 को सहायक कमांडेंट पद के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्तर बंगाल फ्रन्टियर का दौरा किया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया । प्रशिक्षणार्थियों ने एक स्मृति चिन्ह प्रदान कर महानिरीक्षक महोदय को सम्मानित किया ।

# सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल बैकुंठपुर में नवआरक्षक दीक्षांत समारोह





दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल बैकुंठपुर में मुख्य अतिथि श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर का श्री आर. के. श्रीवास्तव, कमांडेंट, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल बैकुंठपुर द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल बैकुंठपुर में महिला नव आरक्षकों के दीक्षान्त समारोह परेड का निरीक्षण किया तथा महिला नव आरक्षकों ने मुख्य अतिथि को परेड के दौरान गार्ड ऑफ आर्नर देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा महिला नव आरक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान, जिन महिला नव आरक्षकों ने उच्च कोटि का प्रर्दशन किया, उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने महिला नव आरक्षकों से बातचीत की तथा उनका मनोबल बढ़ाया।






दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में फ्रंटियर मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल कदमतला में श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने देश की संप्रभुता, अखडंता व सुरक्षा में अपने प्राणों का बलिदान करने वाले देश के वीर शहीदों को भावभीनी श्रंद्वांजलि अर्पित की तथा राष्ट्र के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का सम्मान किया । इस अवसर पर फ्रंटियर मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल कदमतला व 176वीं बटालियन, सीसुबल के समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य पद कार्मिक उपस्थित हुए ।







सीमा सुरक्षा बल के जवानों में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता लाने के उद्देश्य से उत्तर बंगाल फ्रंटियर एवं इसके अधीन समस्त मुख्यालयों एवं सीमा चौकियों में दिनांक 28 अक्टूबर 2024 से 03 नवम्बर 2024 तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ फ्रंटियर मुख्यालय, कदमतला के प्रांगण में श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर द्वारा सभी कार्मिकों को प्रतिज्ञा दिलवाकर किया गया । सर्तकता जागरूकता सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार विरोधी विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । कार्मिकों को संवेदनशील बनाने और निर्धारित उद्देश्य को प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये । इस दौरान व्याख्यान, विचार–विमर्श एवं निबंध लेखन इत्यादि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया ।

# महानिरीक्षक उत्तर बंगाल फ्रंटियर द्वारा बटालियनों का दौरा





दिनांक 02 अक्टूबर 2024 को श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक उत्तर बंगाल फ्रंटियर द्वारा 15वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल का दौरा किया। उन्होने सिलीगुडी सेक्टर के अंर्तगत 15वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल की सीमा चौकी सागरमाथा में महिला बैरक का उदघाटन किया । इस मौके पर श्री पी के सिंह, उप महानिरीक्षक, सेक्टर हैडर्क्वाटर, सिलीगुडी एवं कमांडेंट 15वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल उपस्थित रहे ।







दिनांक 10 से 12 अक्टूबर 2024 तक श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने किशनगंज सेक्टर के अंर्तगत 72वीं एवं 132वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल का भ्रमण किया । उन्होने अपने दौरे के दौरान सीमा पर घुसपैठ व तस्करी को रोकने हेतु किये गये प्रयासों का अवलोकन किया तथा सीमा चौकियों का भ्रमण किया और प्रहरी सम्मेलन लिया। महानिरीक्षक महोदय ने सीमा पर तैनात जवानों से बात–चीत की एवं सीमा पार तस्करी व अवैध घुसपैठ को रोकने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त महानिरीक्षक महोदय ने सीमा पर रहने वाले लोगों से बात–चीत की ।

# महानिरीक्षक उत्तर बंगाल फ्रंटियर द्वारा बटालियन का निरीक्षण














दिनांक 19 से 21 नवम्बर 2024 तक श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने रायगंज सेक्टर के अंर्तगत 164वीं बटालियन का निरीक्षण किया। अपने दौरे के दौरान महानिरीक्षक महोदय ने सीमा पर रात्रि के दौरान घुसपैठ व तस्करी को रोकने हेतु किये गये प्रयासों का अवलोकन किया व सीमा पर तैनात जवानों से बात–चीत की। उन्होने सेक्टर हैडक्वार्टर, रायगंज के अंर्तगत 164वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल की सीमा चौकी अटीला में महिला बैरक का उदघाटन किया और प्रहरी सम्मेलन लिया। महानिरीक्षक महोदय ने सीमा पर तैनात जवानों से बात–चीत की एवं सीमा पार तस्करी व अवैध घुसपैठ को रोकने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन
















दिनांक 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक 'स्वच्छता पखवाडा' का आयोजन किया गया । दिनांक 17 सितम्बर 2024 को 'स्वच्छता ही सेवा' के कार्यक्रमों की श्रंखला में 'स्वच्छता रैली' का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने सीमा सुरक्षा बल परिसर कदमतला में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किये गये, जो लोगों को उनके आस–पास के क्षेत्र को साफ–सुथरा बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। । इस रैली में फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल कदमतला एवं 176वीं बटालियन, सीसुबल के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य पद कार्मिकों ने भाग लिया। श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने समस्त कार्मिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं अपने आस–पास के इलाके को स्वच्छ बनाये रखने के लिए इस तरह के अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर महानिरीक्षक महोदय ने आरक्षक (सफाई कर्मचारियों) को उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया ।

# हिन्दी पखवाड़ा समारोह

















दिनांक 27 सितंबर 2024 को श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर की अध्यक्षता में फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीमा सुरक्षा बल कदमतला में भव्य राजभाषा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान किशनगंज सेक्टर को राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस दौरान हिन्दी राजभाषा से सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में फ्रंटियर हैडक्वार्टर सीमा सुरक्षा बल उत्तर बंगाल के विभिन्न शाखाओं के कार्मिकों ने हिस्सा लिया तथा इन प्रतियोगिताओं मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर द्वारा ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किये गए।

# इन्टर फ्रन्टियर खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन






















दिनांक 14 से 17 नवम्बर 2024 तक बी.एस.एफ. परिसर कदमतला में 46वीं इंटर फ्रटियर वॉलीबाल, हैंडबाल, बास्केटबाल और टेबिल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने दिनांक 14 नवम्बर 2024 को द्रोणाचार्य स्टेडियम, बीएसएफ कैम्पस कदमतला में आयोजित एक अविस्मरणीय समारोह के दौरान खेलकूद–प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया । इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों, खिलाडियों और उत्तर बंगाल फ्रंटियर के सीमा प्रहरियों के साथ–साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी भाग लिया । दिनांक 17 नवम्बर 2024 को एक भव्य समारोह के साथ प्रतियोगिताओं का समापन हुआ । मुख्य अतिथि श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने विजेताओं को पदक और पुरस्कार वितरित किये एवं सभी प्रतिभागियों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी ।




दिनांक 09 से 13 सितम्बर 2024 तक इंटर फ्रंटियर एथलेटिक प्रतियोगिता 2024, एसटीसी. बीएसएफ टेकनपुर में आयोजित हुई, जिसमें उत्तर बंगाल फ्रंटियर की टीम ने 08 स्वर्ण, 05 रजत एवं 07 कांस्य पदक जीतकर 141 अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिनांक 18 सितम्बर 2024 को फ्रंटियर हैडक्वार्टर, कदमतला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने टीम को सम्मानित किया और बधाई दी ।




दिनांक 21 से 22 अक्टूबर 2024 तक इंटर कमाण्ड वूमेन एथलेटिक प्रतियोगिता 2024, फ्रंटियर हेडक्वार्टर, बीएसएफ जम्मू में आयोजित हुई, जिसमें उत्तर बंगाल फ्रंटियर की टीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को फ्रंटियर हैडक्वार्टर, कदमतला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने टीम को सम्मानित किया और बधाई दी ।




दिनांक 14 से 17 नवम्बर 2024 तक इंटर फ्रन्टियर टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीमा सुरक्षा बल कदमतला में किया गया । जिसमें उत्तर बंगाल फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिनांक 17 नवम्बर 2024 को फ्रंटियर हैडक्वार्टर, कदमतला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।




दिनांक 26 से 29 दिसम्बर 2024 तक इंटर फ्रंटियर योगा प्रतियोगिता का आयोजन फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीमा सुरक्षा बल गुवाहाटी में किया गया । जिसमें उत्तर बंगाल फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिनांक 31 दिसम्बर 2024 को फ्रंटियर हैडक्वार्टर, कदमतला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।




दिनांक 04 से 09 नवम्बर 2024 तक ऐन्टी सबोटेज चैक प्रतियोगिता का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, हजारीबाग में किया गया। जिसमें फ्रंटियर हैडक्वार्टर, उत्तर बंगाल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 18 नवम्बर 2024 को फ्रंटियर हैडक्वार्टर, कदमतला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।




दिनांक 18 से 20 दिसम्बर 2024 तक इन्टर फ्रन्टियर खोखो प्रतियोगिता एसटीसी. बीएसएफ टेकनपुर में आयोजित हुई, जिसमें उत्तर बंगाल फ्रंटियर की टीम ने सर्वाधिक अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिनांक 26 दिसम्बर 2024 को को फ्रंटियर हैडक्वार्टर, कदमतला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया । श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।

# बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन























दिनांक 03 दिसम्बर 2024 को बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के गतिशील नेतृत्व में फ्रंटियर हैडक्वार्टर सीमा सुरक्षा बल कदमतला एवं विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में साईकिल रैली के आयोजन किये गये, जो शक्ति, लचीलापन और एकता की भावना का प्रतीक है । साईकिल रैली का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती गावों में रहने वाले ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को पर्यावरण, वन एवं जलवायु संरक्षण के प्रति जागरूक करना था, ताकि ग्रामीण स्तर पर ठोस प्रयास कर इस नेक कार्य में अपना योगदान दिया जा सके ।

# सीमा सुरक्षा बल का 60वॉ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन




























दिनांक 01 दिसंबर 2024 को सीमा सुरक्षा बल का 60वॉ स्थापना दिवस फ्रंटियर मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल कदमतला में पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य स्टेडियम, कदमतला में श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । महानिरीक्षक महोदय ने बीएसएफ के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सभी पदों के कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनांए दी । इस कार्यक्रम में बीएसएफ से सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिकों को भी आंमत्रित किया गया, महानिरीक्षक महोदय ने उनके साथ बात–चीत की एवं उन्हें शॅाल देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये । प्रहरी भोज व विभिन्न प्रकार के रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ब्रास बैंड एवं जाज बैंड ने भी प्रस्तुति दी । महानिरीक्षक महोदय ने भारत–बांग्लादेश सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा करने के लिए सीमा सुरक्षा बल के बहादुर सैनिकों की सराहना की ।

# रोजगार मेला का आयोजन













दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को भारत सरकार, गृह मंत्रालय के निर्देशन पर श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के पर्यवेक्षण में पश्चिम बंगाल के जलपाईगुडी जिले के बीएसएफ परिसर राधाबाडी में 14वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। डा. सुकांत मजमदार, केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और श्री जयंत कुमार राय, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्यमंत्री और सांसद जलपाईगुडी, 14वें रोजगार मेले के मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएफ परिसर राधाबाडी पहुंचे जहां पर श्री सूर्यकान्त शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया । 14वें रोजगार मेले में महिला अभ्यर्थियों सहित कुल 227 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये ।





दिनांक 17 सितम्बर 2024 को श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर और वरिष्ठ अधिकारियों ने 'स्वच्छता ही सेवा' के कार्यक्रम में भाग लिया । इस अवसर पर महानिरीक्षक महोदय ने पर्यावरणीय स्थिरता और हरित क्रान्ति, स्वच्छ भारत के आर्दश वाक्य के साथ 'एक पेड मां के नाम' की थीम पर द्रोणाचार्य स्टेडियम, बी.एस.एफ. कैम्पस कदमतला में पौधारोपण किया । इस कार्यक्रम में फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल कदमतला एवं 176वीं बटालियन, सीसुबल के उपस्थित समस्त कार्मिकों ने भाग लिया ।









दिनांक 02 दिसम्बर 2024 को सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बी.एस.एफ. परिसर कदमतला में मीडिया कर्मियों के साथ एक उपयोगी बात–चीत हुई । इस कार्यक्रम का उद्देश्य बी.एस.एफ. की उल्लेखनीय यात्रा को उजागर करना, देश की सीमाओं की सुरक्षा में बी.एस.एफ. की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना, बीएसएफ और मीडिया के बीच संबंधों को मजबूत करने, पारदर्शिता को बढावा देने व आपसी समझ बढाने की आवश्यकता पर जोर देना था । उन्होने लोगों की धारणा को आकार देने और बीएसएफ के योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया ।




















दिनांक 14 नवम्बर 2024 को बीएसएफ प्राइमरी एवं अंकुर प्ले स्कूल, कदमतला में चिल्ड्रन डे के उपलक्ष्य में श्रीमती सरिता शर्मा, बावा अध्यक्षा, फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल कदमतला द्वारा बीएसएफ प्राइमरी एवं अंकुर प्ले स्कूल का दौरा किया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । जहाँ पर स्कूल की शिक्षिकाओं एवं बच्चों से बात–चीत की। बीएसएफ प्राइमरी एवं अंकुर प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा बावा अध्यक्षा द्वारा बच्चों को उपहार प्रदान किये ।

# बाबा गतिविधियाँ


























दिनांक 24 सितम्बर 2024 को बावा दिवस के उपलक्ष्य में फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल उत्तर बंगाल के पुराने जिम हॉल में श्रीमती सरिता शर्मा, बावा अध्यक्षा, फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल कदमतला द्वारा परिवार कल्याण केन्द्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बावा संगिनियों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम में फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल उत्तर बंगाल एवं 176वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं सीमा प्रहरियों की महिलाओं ने बढ–चढ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बीएसएफ के शहीद जवानों की वीरांगनाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया । श्रीमती सरिता शर्मा, बावा अध्यक्षा द्वारा बावा संगिनियों को उपहार प्रदान किये गये ।

# बावा गतिविधियाँ













दिनांक 30 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल कदमतला में कला और कौशल विकास कोर्स चलाया गया जिसमें सीसुबल कदमतला के अधिकरियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं जवानों की महिलाओं ने हिस्सा लिया । श्रीमती सरिता शर्मा, बावा अध्यक्षा, फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल कदमतला द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये । दिनांक 25 नवम्बर 2024, फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल कदमतला में अस्थमा एलर्जी, फेफडे और प्रदूषण से संबंधित बीमारियों पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रदूषण से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से उत्पन्न चुनौतियों और स्वस्थ जीवनशैली को बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढाना था। श्रीमती रणवीर गुजराल और डॉ. विमल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कंपोजिट अस्पताल कदमतला ने इस विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिए। उन्होंने श्वसन स्वास्थ्य पर प्रदूषण के प्रभाव पर जोर दिया और अस्थमा, एलर्जी और अन्य फेफडों से संबंधित बीमारियों जैसी स्थितियों को रोकने और प्रबंधित करने की रणनीतियों पर चर्चा की। श्रीमती सरिता शर्मा, बावा अध्यक्षा ने इस अवसर पर भाग लिया और इस पहल की सराहना की, प्रतिभागियों को प्रदूषण–निवारक उपायों और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# अंतरराष्ट्रीय सीमा की साख पर आंच का सवाल नहीं : सूर्यकांत



पत्रकारों को संबोधित करते आईजी सूर्यकांत शर्मा, डीआईजी पीएसओ संजय पंत व डीआईजीजी कुलदीप सिह

सम्मार्ग संवाददाता

सिलीगुड़ी: करीब 2.65 लाख कर्मियों की ताकत के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ हर साल 1 दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनाता है क्योंकि यह 1 दिसंबर 1965 को अस्तित्व में आया था। सीमा सुरक्षा बल भारत की अखंडता की रक्षा के लिए सीमा पर सदैव सतर्क रहते हैं। बीएसएफ की तैनाती और सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहें क्योंकि हमारे जवान सीमा पर तैनात हैं इसलिए सीमा की सुरक्षा की साख पर आंच आने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। उक्त बातें सोमवार को बीएसएफ के स्थापना दिवस पर पत्रकारों को संबोधित करते उत्तर बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने कही।

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# बीएसएफ की 93 व 15 बटालियन ने निकाली साइकिल रैली

बीएसएफ के स्थापना दिवस के समापन पर आयोजित किए गए कई कार्यक्रम





## ग्रामीण व बीएसएफ के बीच समन्वय बैठक

# 'एक वर्ष में 2667 मवेशी और 8108.51 ग्राम सोना जब्त'

भारत-बांग्लादेश सीमा



संवाददाताओं को संबोधित करते आईजी सूर्यकांत शर्मा।

निज प्रतिनिधि, सिलीगुड़ी: बीएसएफ के उत्तर बंगाल फ्रंटियर की भारत-बांग्लादेश सीमा 936 किलोमीटर इलाके में फैली है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार 2023 के मुकाबले 2024 के नवंबर तक मवेशी व सोना तस्करी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। बीएसएफ के उत्तर बंगाल फ्रंटियर के सूत्रों के अनुसार वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी से पहले 2532 मवेशियों को उद्धार करने के साथ ही 4078.37 ग्राम सोना जब्त किया...

# बीएसएफ स्थापना दिवस पर हथियारों की प्रदर्शनी आयोजित

सम्मार्ग संवाददाता



बीएसएफ की हथियारों की प्रदर्शनी देखते स्कूली बच्चे

# बीएसएफ के रोजगार मेले में 227 चयनित अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी : सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के बीएसएफ परिसर, राधाबाड़ी में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेले में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डा. सुकांत मजूमदार की उपस्थिति में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 227 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान किया गया। डा. मजूमदार खुद 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा. जयंत राय तथा बीएसएफ उत्तर बंगाल फ्रंटियर के आइजीसूर्यकांत शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।




युवती को नियुक्ति पत्र सौंपते केंद्रीय मंत्री डा. सुकांत मजूमदार व साथ में खड़े बीएसएफ उत्तर बंगाल फ्रंटियर के आइजी सूर्यकांत शर्मा • जागरण

## बांग्लादेश सीमा से सटे भारतीय गांवों के लोगों संग की जा रही बैठक

# सीमांत 'जीरो लाइन' पर अलर्ट बीएसएफ

पड़ोस में हलचल

» लोगों से कहा, भारत के दलालों को भूल कर बांग्लादेश
» फेंसिंग के उस पार बहुत से लोगों की खेती की जमीन है






भारत-बांग्लादेश की सीमा फुलवाड़ी आईसीपी पर डीजी दलजीत सिंह चौधरी, एडजी रवि गांधी, आईजी सूर्य कांत शर्मा और बीएसएफ और बीजीबी के जवान

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत




विजेताओं को पुरस्कृत करते बीएसएफ के आइजी सूर्यकांत शर्मा • जागरण

जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी: सीमा सुरक्षा बल द्वारा संचालित बीएसएफ वरिष्ठ माध्यमिक आवासीय विद्यालय कदमतला में ...

## सीमा पर घुसपैठ रोकने को बीएसएफ हमेशा तत्पर रहती है: आईजी



# बीएसएफ के डीजी पहुंचे बांग्लादेश सीमा पर, जवानों की पीठ थपथपाई

सम्मार्ग संवाददाता

उस सरहद को कोई छू नहीं सकता जिसकी निगहबान हैं आंखें

# बांग्लादेशी तनाव से सिलीगुड़ी कारिडोर को लेकर बढ़ी है चिंता

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक के दो दिवसीय दौरे के दौरान सीमा सुरक्षा को लेकर हुई गहन मंत्रणा



# बीएसएफ ने एक बांग्लादेशी और एक भारतीय नागरिक को पकड़ा



बांग्लादेशी नागरिक को बीजीबी को सौंपते बीएसएफ के जवान • बीएसएफ

जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी : दक्षिण दिनाजपुर जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात रायगंज सेक्टर अंतर्गत बीएसएफ की 137वीं बटालियन के बीओपी चकगोपाल के सीमा प्रहरियों ने बीते शनिवार को एक भारतीय नागरिक, रिपन मंडल (19 वर्ष), पुत्र गोलजार मंडल, निवासी ग्राम–गोसाईपुर, थाना–हिली, जिला–दक्षिण दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) को जयंतीपुर गांव के सामान्य क्षेत्र से उस समय गिरफ्तार किया जब वह बांग्लादेश में तस्करी के लिए अपने ई-रिक्शा में गुप्त रूप से प्रतिबंधित वस्तुएं ले जा रहा था।

तलाशी लेने पर, बीएसएफ पार्टी ने उसके ई-रिक्शा से 966 ग्राम ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन, 10 किलोग्राम चावल व भारतीय मुद्रा 1,577 रुपये और 01 मोबाइल फोन बरामद किया। इसके अलावा, बीएसएफ पार्टी ने ई-रिक्शा, ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन, भारतीय मुद्रा और मोबाइल फोन जब्त किया। गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिक को जब्त सामान के साथ पीएस हिली को सौंप दिया गया है।

वहीं, कूचबिहार जिले में तैनात जलपाईगुड़ी सेक्टर अंतर्गत 98वीं बटालियन बीएसएफ के बीओपी चैंड्राबांधा के सतर्क सीमा प्रहरियों ने एक बांग्लादेशी नागरिक (ट्रांसजेंडर), रहीम बादशाह उर्फ बिलकिस (20 वर्ष) पुत्र शहमत अली, निवासी ग्राम-बस्ता ताला, थाना–जमालपुर, जिला–जमालपुर (बांग्लादेश) को उस समय गिरफ्तार किया जब वह बिना बाड़ वाले क्षेत्र से अवैध रूप से सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था।

# बंगाल में आतंकियों की घुसपैठ पर अब लगेगी लगाम

बॉर्डर पर स्थित 10 गांव में लगेंगे सीसीटीवी





The gold bars recovered from the TMC leader in South Dinajpur

# BSF nabs 'TMC man' with gold

KOUSIK SEN

Raiganj: The Border Security Force (BSF) posted in South Dinajpur on Tuesday seized gold bars worth over ₹28 lakh from a man who local sources said has links to Trinamool.

District TMC leaders said Sanjay Kumar Mondal, on whom the gold was found, had no link with the party. Local BJP and Left leaders, scoffing at this claim, pointed out that his wife was "elected twice" in panchayat polls.

Sources said that acting on a tip-off, a team of the 61st battalion of the BSF posted at the Bhimpur border outpost near the international border intercepted Mondal, a resident of Kismadapat village under Hili police station. They found three gold bars, weighing 349.870 grams, fastened on his leg.

"We suspect Mondal smuggled in the gold from Bangladesh," said a source. "He was handed over to the Customs in Hili."

# बीएसएफ के अंतर फ्रंटियर टूर्नामेंट का हुआ समापन



# बीएसएफ ने 10 बांग्लादेशी को पकड़कर बीजीबी को सौंपा



गिरफ्तार बांग्लादेशी के साथ बीएसएफ व बीजीबी के अधिकारी • जागरण

## बीएसएफ के उत्तर बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय में स्वच्छता अभियान शुरू



# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की ग्रामीणों के साथ विशेष बैठक

जलपाईगुड़ी (संवाददाता)।

## अवैध प्रवेश रोकने के लिए बीएसएफ की बीजीबी से अपील

# 9 माह में 135 बांग्लादेशियों ने की घुसपैठ की कोशिश

अशांत पड़ोस

» 54 नागरिकों को जबरन बीजीबी के हवाले किया गया



# विदाई समारोह



दिनांक 30 सितम्बर 2024 को श्री जगदीश प्रसाद, उप कमांडेंट (विद्युत), फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल उत्तर बंगाल को उनके सेवा निवृत्त होने पर विदाई समारोह में श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर, द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



दिनांक 31 दिसम्बर 2024 को मुख्य आरक्षक (जी.डी.) सीता राम, फ्रंटियर हैडक्वार्टर, सीसुबल उत्तर बंगाल के सेवा निवृत्त होने पर विदाई समारोह में श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल उत्तर बंगाल फ्रंटियर, द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# पदोन्नति







श्री छत्रपति उपाध्याय, उप कमांडेंट (सामान्य) का द्वितीय कमान अधिकारी के पद पर पदोन्नति पर श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर रैंक लगाते हुए, सहायक उपनिरीक्षक (आर.ओ) सजल चक्रवर्ती, का उपनिरीक्षक (आर.ओ) के पद पर पदोन्नति पर श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक, उत्तर बंगाल फ्रंटियर एवं श्री संजय पंत, उप महानिरीक्षक (प्रधान स्टाफ अधिकारी) रैंक लगाते हुए एवं मुख्य आरक्षक(जीडी) हरीश चन्द्र सोनवाणे का सहायक उप निरीक्षक (जीडी) के पद पर पदोन्नति पर श्री कुलदीप सिहं, उप महानिरीक्षक (सामान्य) एवं श्री परमानंद शुक्ल, द्वितीय कमान अधिकारी (सामान्य) उत्तर बंगाल फ्रंटियर, रैंक लगाते हुए ।


संरक्षक
श्री सूर्यकांत शर्मा, महानिरीक्षक

## संपादक मंडल

संपादक
श्री कुलदीप सिंह, उप महानिरीक्षक (सामान्य)

उप संपादक
श्री परमानंद शुक्ल, द्वितीय कमान अधिकारी (सामान्य)

सहायक संपादक
श्री पुष्पराज सिंह उप कमांडेंट (सामान्य/टेक-इंट)
निरीक्षक (सामान्य) लेसली अलफ्रेड लामा

साज सज्जा एवं फोटोग्राफर
आरक्षक मुकेश कुमार
आरक्षक समंदर सिहं

सहयोग व हिंदी टंकण
सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) प्रदीप कुमार दुबे


इस पत्रिका को और अधिक रोचक बनाने के लिए आपके व आपके परिजनों के महत्वपूर्ण एवं व्यवहारिक सुझाव व लेख ई मेल ftrnb@bsf.nic.in पर सादर आमंत्रित हैं।